केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं.सीबीएसई/मीडिया व जन-संपर्क/काउंसलिंग/2025 दिनांक: 10.06.2025

**सेवा में,**
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के**
**सभी प्रधानाचार्य/ विद्यालय प्रमुख**

**विषय: यूरेका ! जूनियर 2025 – आईआईटी बॉम्बे के ई-सेल द्वारा विद्यालयी छात्रों हेतु व्यवसाय मॉडल प्रतियोगिता**

**महोदय/महोदया,**

आईआईटी बॉम्बे के उद्यमिता प्रकोष्ठ (Entrepreneurship Cell) द्वारा **यूरेका ! जूनियर 2025** की घोषणा की गई है, जो कि कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए एशिया की सबसे बड़ी व्यवसाय मॉडल प्रतियोगिता है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता की सोच को विकसित करना है, जिससे वे नवाचार कर सकें और वास्तविक जीवन की समस्याओं के व्यावसायिक स्तर पर समाधान तैयार कर सकें।

**यूरेका ! जूनियर 2025 के बारे में:**

यूरेका जूनियर एक निःशुल्क प्रतियोगिता है जो छात्रों को आधारभूत उद्यमिता अवधारणाओं से लेकर अपने स्वयं के व्यवसाय मॉडल प्रस्तुत करने तक संरचित मार्गदर्शन प्रदान करती है। प्रतियोगिता में निम्नलिखित शामिल है:

- मुख्य उद्यमिता कौशलों का प्रशिक्षण
- विचार सृजन एवं रचनात्मक समस्या समाधान सत्र
- व्यवसाय योजना तैयार करना
- अनुभवी व्यवसाय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन
- कौशल विकास कार्यशालाएं, बूटकैंप्स और ऑफ़लाइन फ़ाइनल

**प्रतियोगिता विवरण:**

- **पंजीकरण की अंतिम तिथि:** 15 जुलाई 2025
- **अवधि:** जून से दिसंबर 2025 तक
- **पात्रता:** कक्षा 6 से 12 के छात्र
- **माध्यम:** ऑनलाइन चरण और आगे आईआईटी बॉम्बे में दिसंबर के दूसरे सप्ताह में ऑफ़लाइन ग्रैंड फ़िनाले
- **भागीदारी शुल्क:** निःशुल्क

**पंजीकरण प्रक्रिया:**

- छात्र इस लिंक पर पंजीकरण कर सकते हैं: https://www.ecell.in/eurekajunior/
- सफल पंजीकरण के पश्चात लॉगिन विवरण पंजीकृत ईमेल पर भेजे जाएंगे।
- छात्रों को इन क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर **अनिवार्य प्रश्नोत्तरी** में भाग लेना होगा।
- यदि छात्र किसी टीम में हैं, तो **प्रत्येक सदस्य को अलग से पंजीकरण करना अनिवार्य है।**
- टीम निर्माण प्रतियोगिता के अगले चरण में किया जाएगा।
- **छात्रों का मार्गदर्शन करने के इच्छुक शिक्षक** भी इस पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु निम्न संसाधनों को देखें:

- ब्रॉशर: https://drive.google.com/file/d/1SFD1bsaIPzKIdG7x78a4IBS9qDU5nBxa/view?usp=sharing
- सूचना पट्ट पोस्टर: https://drive.google.com/file/d/1hho5AOG2kSVC_4o2GnM9lCno-30TpJ-v/view?usp=sharing

सभी विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की जानकारी छात्रों और शिक्षकों के मध्य व्यापक रूप से प्रसारित करें एवं उन्हें अधिकतम भागीदारी हेतु प्रेरित करें।किसी भी जिज्ञासा/प्रश्न के लिए इवेंट व पी आर प्रमुख, उद्यमिता प्रकोष्ठ, आईआईटी बोम्बे को ईमेल: junior@ecell.in पर संपर्क करें।

शुभकामनाओं सहित,

हस्ता/-
**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित :**

1. निदेशक, आईआईटी बोम्बे, पोवई, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत- 400076
2. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
3. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
4. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
5. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
6. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
7. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
8. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
9. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
10. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
11. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल- लद्दाख
13. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
14. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाज़ा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
15. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय का एकीकृत कार्यालय (सेना), एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली कैंट-110010
17. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, नयापल्ली, डाकघर - सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला – खोर्दा, ओडिशा-751005
18. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
19. सभी निदेशक/ विभागाध्यक्ष, सीबीईएसई
20. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/ क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे यह परिपत्र अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से सम्बद्ध सभी विद्यालयों को भेजें
21. सभी संयुक्त सचिव/ उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
22. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
23. संयुक्त सचिव (आई टी इकाई), इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।
24. इवेंट व पी आर प्रमुख, उद्यमिता प्रकोष्ठ, आईआईटी बोम्बे, पोवई, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत- 400076

**सचिव**